वृन्दावन शोध संस्थान, रमणरेती रोड, वृन्दावन-281121, मथुरा (उ0प्र0)

संस्थान भवन के रेनोवेशन कार्य के उपरान्त निष्प्रयोज्य हुई सामग्रियों के निस्तारण/बिक्री हेतु (जहाँ है जैसा है के आधार पर) सीलबंद लिफाफे में दिनांक 08 जनवरी 2022 को अपरान्ह 02:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती हैं। खुले हुए लिफाफे स्वीकार नहीं होंगे। निष्प्रयोज्य सामग्रियों के निस्तारण/बिक्री की शर्तें निम्नलिखित हैः-

निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी की शर्तें

1. निष्प्रयोज्य सामग्री क्रय करने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 30/12/2021 से 05/01/2022 तक प्रातः 11:00 बजे से 04:00 बजे तक कार्यालय परिसर में निष्प्रयोज्य सामग्रियों का निरीक्षण करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।
2. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक प्रत्येक निविदादाता को अपनी पहचान हेतु आधार कार्ड की प्रति, दूरभाष व पूर्ण पते का विवरण प्रस्तुत करना होगा।
3. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक प्रत्येक निविदादाता को निविदा के साथ धरोहर राशि के रूप में रू0 5,000/- का बैंक ड्राफ्ट 'वृन्दावन शोध संस्थान' वृन्दावन के पक्ष में देय हो संलग्न करना होगा। बिना धरोहर राशि के कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
4. निविदादाता द्वारा प्रस्तावित दरों के मुहरबंद लिफाफे दिनांक 08 जनवरी 2022 को अपरान्ह 2:00 बजे तक निदेशक कक्ष में रखे टेण्डर बॉक्स में डाले जायेंगे या डाक द्वारा भेजे जा सकते हैं। तत्पश्चात उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोले जायेंगे।
5. सफल निविदादाता द्वारा प्रस्तावित एवं इस कार्यालय द्वारा स्वीकृत दर की कुल धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी। यदि वह प्रस्तावित एवं स्वीकृत कुल धनराशि (धरोहर राशि को घटाकर) तुरन्त इस कार्यालय के लेखा विभाग में जमा करने में असमर्थ रहता है तो उसके द्वारा जमा धरोहर राशि रू0 5,000/- जब्त कर ली जायेगी। विफल निविदादाताओं की जमा धरोहर राशि नीलामी की प्रक्रिया के पूर्ण होने की तिथि से 30 दिन में लिखित आवेदन करने पर वापिस की जाएगी।
6. सफल निविदादाता से सम्पूर्ण धनराशि उसी दिन जमा कराई जाएगी तथा उसके 24 घण्टे में नीलामी की गई सामग्री ले जानी होगी। यदि कोई निविदादाता कुल राशि जमा करने के बाद 24 घण्टे के अंदर सामग्री नहीं उठाता है तो उससे रू0 500.00 प्रतिदिन की दर से स्टोरेज चार्जेज लिया जाएगा जो सामान उठाने की तिथि तक इस कार्यालय के लेखा विभाग के पास जमा करना होगा। सामान उठाने/ले जाने हेतु नियोजित श्रमिक/वाहन तथा अन्य मदों पर हुआ व्यय सम्बन्धित निविदादाता को वहन करना होगा।
7. किसी भी प्रकार के देय करों के भुगतान की जिम्मेदारी सफल निविदादाता की होगी।
8. निष्प्रयोज्य सामग्री की कीमत लिखित रूप में मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत करनी होगी। जिस निविदादाता की दर अधिकतम होगी वही निविदादाता सामग्री को लेने का हकदार होगा।
9. निष्प्रयोज्य सामग्री का विवरण निम्नवत हैः-

प्लाईवुड दरवाजे	- 43 नग	वुडन खिड़की - 24 नग
दरवाजे (मच्छरजाली)	- 8 नग	वेण्टीलेटर - 8 नग
लोहा	- 12 क्विंटल अनुमानित	

10. किसी भी विवाद की स्थिति में निदेशक, वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन का निर्णय अन्तिम और सभी पक्षों के लिए बाध्यकारी होगा एवं न्यायिक क्षेत्र, मथुरा होगा।

DIRECTOR
VRINDAVAN RESEARCH INSTITUTE
VRINDAVAN (U.P.)